अमर उजाला

28.09.2018

आईआईटी बनेगा नॉलेज पार्टनर

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू को प्रदेश सरकार की ओर से देश की सुरक्षा में सहयोग की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर की स्थापना में अब आईआईटी नॉलेज पार्टनर की भूमिका निभाएगा। इसके लिए तकनीक और कौशल विकास की जानकारी सहित अन्य सहयोग के लिए जो प्रस्ताव तैयार कराया गया है, उसके लिए संस्थान को 15 करोड़ रुपये भी सरकार की ओर से दिए जाएंगे।

प्रदेश में अलीगढ़, आगरा, झांसी, कानपुर, चित्रकूट और जालौन में कॉरीडोर बनाया जाना है। इसके लिए संबंधित जिलों में 5125 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की जा चुकी है। इस बारे में आईआईटी निदेशक प्रो. प्रमोद जैन ने बताया कि लखनऊ में बीते मंगलवार को शास्त्री भवन में मुख्यमंत्री द्वारा परियोजना की प्रगति समीक्षा के दौरान संस्थान की भागीदारी के बारे में जानकारी दी। ब्यूरो